27/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2025 के लिए अड़सठ प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें से तीन को पद्म विभूषण, 9 को पद्म भूषण और छप्पन हस्तियों को पद्म श्री प्रदान किए गए। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर और कुमुदनी रजनीकांत लाखिया को सार्वजनिक मामलों और कला के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है, जबकि प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में जतिन गोस्वामी, कैलाश नाथ दीक्षित, साध्वी ऋतंभरा शामिल हैं, जबकि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय को मरणोपरांत यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि हाल की घटनाओं ने साबित कर दिया है कि भारत के खिलाफ तथाकथित प्रोक्सी वॉर वास्तव में एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। गुजरात के गांधीनगर में महात्मा मंदिर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 6 मई की घटनाओं के बाद भारत को अब आतंकवादी गतिविधि का सबूत देने की जरूरत नहीं है-अब सीमा पार के लोग खुद सबूत दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश इस तरह से प्रगति करना चाहता है जिससे दुनिया का कल्याण हो और सरकार लाखों भारतीयों के उत्थान के लिए समर्पण के साथ काम कर रही है।

**PM Byte**

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

0000000000000000000000

जेडी(यू) सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के विदेश मंत्री, सांसदों के समूह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों और उस देश के व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत की है। समूह ने दोहराया कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है और कहा कि आतंकवाद के किसी भी कृत्य को पाकिस्तान की ओर से युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने स्लोवेनिया की नेशनल काउंसिल के अध्यक्ष मार्को लोट्रिक से मुलाकात की और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के भारत के दृढ़ रुख और ऑपरेशन सिंदूर के बाद नई सामान्य स्थिति से अवगत कराया। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने कुवैत में रहने वाले भारतीय प्रवासियों के एक समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे जो संदेश लेकर जा रहे हैं, उसकी बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और इसे जबरदस्त समर्थन मिल रहा है।

0000000000000000000000000

राज्य सरकार, कर्मयोगी भारत और कैपासिटी बिल्डिंग कमिशन के बीच आज ईटानगर में एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस खबर को साझा करते हुए बताया कि, समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सभी सरकारी कर्मचारियों की योग्यता-आधारित ढांचे के माध्यम से क्षमताओं को बढ़ाना है, जिसमें निरंतर सीखने, व्यवहार परिवर्तन और संस्थागत विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा समझौता ज्ञापन एटीआई, नाहरलागुन की क्षमता का निर्माण भी करेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि समझौता ज्ञापन राज्य को परिणामों और नागरिक-केंद्रित शासन पर ध्यान केंद्रित करके सार्वजनिक प्रशासन को आधुनिक बनाने के राष्ट्रीय प्रयासों के साथ जोड़ता है।

0000000000000000000000000

जिला सार्वजनिक स्वास्थ्य नर्सिंग अधिकारी **किजुम सोरा कारगा** को नर्सिंग के क्षेत्र में उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए प्रतिष्ठित **नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड 2025** के लिए चुना गया है। आज सोशल मीडिया पोस्ट में इस खबर को साझा करते हुए उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने उन्हें बधाई दी, उनकी 28 साल की समर्पित सेवा और राज्य में नर्सिंग पर उनके परिवर्तनकारी प्रभाव की सराहना की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गैर-मान्यता प्राप्त नर्सिंग संस्थानों को खत्म करने, फर्जी चिकित्सकों को बेनकाब करने, आधार-आधारित पंजीकरण शुरू करने और लाइसेंस परीक्षा लागू करने में उनके अथक प्रयासों ने राज्य में नर्सिंग की गुणवत्ता को काफी मजबूत किया है।

0000000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल ने कल कहा कि सरकार दूरदराज के क्षेत्रों में सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे को समय पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने दिबांग वैली जिले के आनिनी में सरकारी कर्मचारियों के लिए निर्माणाधीन आवासीय परिसर का निरीक्षण करते हुए यह बात कही। सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक के साथ अपने दौरे का समापन करते हुए, मंत्री ने चल रहे कार्यों की समग्र गति और गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने जिला प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों की उनके समर्पण के लिए सराहना की।

0000000000000000000000000

अरुणाचल साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा आज ईटानगर में एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 15 जून को होने वाले राष्ट्रीय स्तर के साइक्लिंग कार्यक्रम के लिए एक आयोजन समिति की घोषणा की गई। राज्य में साइक्लिंग समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन होने की उम्मीद की जा रही है जिसके तहत योजना और समन्वय को सुव्यवस्थित किया जा रहा है।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के **11** जिलों, तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग-कुमे, पाके केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, अंजाव और चांगलांग, के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

0000000000000000000000000